संख्या- 8/2016/705/49-1-16-59(मिस)/14

प्रेषक,

किशन सिंह अटोरिया,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

आयुक्त एवं निबन्धक,
सहकारिता विभाग, उ0प्र0,
लखनऊ।

सहकारिता अनुभाग-1 लखनऊ दिनांक 15 जुलाई, 2016

विषय- उ0प्र0 के 06 जिला सहकारी बैंकों में वर्ग-1,2,3 में सीधी भर्ती के रिक्त 263 पदों पर भर्ती की अनुमति प्रदान किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक कृपया अपने कार्यालय पत्रांक-278/अधि0-9/स्टा0पै0 दिनांक 02 मई, 2016 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- उक्त सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सम्यक विचारोपरान्त संलग्न सूची के अनुसार उ0प्र0 के 06 जिला सहकारी बैंकों में वर्ग-1,2,3 में सीधी भर्ती के रिक्त 263 पदों पर भर्ती करने हेतु कार्मिक विभाग के शासनादेश संख्या-20/1/91-का-2-2012 दिनांक 15 मार्च, 2012 जिसमें भर्तियों पर रोक लगायी गयी है, से शिथिलता प्रदान की जाती है।

3- प्रश्नगत पदों पर भर्ती के संबंध में उ0प्र0 सहकारी समिति अधिनियम 1965 एवं सुसंगत नियमावली तथा सहकारी संस्थाओं की आर्थिक स्थिति के दृष्टिगत न्यूनतम आवश्यकता के आधार पर भर्ती की कार्यवाही की जायेगी।

4- यह सुनिश्चित किया जाये कि इस प्रक्रिया में राज्य सरकार पर कोई अतिरिक्त व्ययभार न आये।

5- यह स्पष्ट किया जाता है कि इस संबंध में राज्य सरकार द्वारा कोई अनुदान/वित्तीय सहायता नहीं दी जायेगी।

6- कृपया तदनुसार प्रकरण में नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुये अग्रेतर कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

संलग्नक:-यथोक्त।

भवदीय,

किशन सिंह अटोरिया
प्रमुख सचिव।

2/-

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या- 8/2016/705(1)/49-1-16 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 कोआपरेटिव बैंक लि0 लखनऊ।
2- सचिव/महाप्रबन्धक, संबंधित जिला सहकारी बैंक, उ0प्र0 ।
3- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-2/कार्मिक अनुभाग-2
4- सहकारिता अनुभाग-2
5- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

प्रतीक संजर
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश संख्या- 8/2016/705/49-1-16-59(मिस)/14, दिनांक 15 जुलाई 2016 का संलग्नक।

उ0प्र0 के 06 जिला सहकारी बैंकों में वर्ग-1,2,3 में सीधी भर्ती के रिक्त 263 पदों पर भर्ती का विवरण

क्रमांक	नाम जिला सहकारी बैंक	वर्ग-1	वर्ग-2	वर्ग-3	योग
1	**2**	**3**	**4**	**5**	**6**
1	इटावा	04	10	25	39
2	बिजनौर	01	09	48	58
3	रामपुर	03	06	51	60
4	मुजफ्फरनगर	01	11	35	47
5	गाजियाबाद	01	02	16	19
6	मुरादाबाद	01	02	37	40
कुल योग		**11**	**40**	**212**	**263**

प्रतीक संजर
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।